# वीरता का लाल पदक

## स्टेफेन क्रेन

# THE RED BADGE OF COURAGE

## STEPHEN CRANE



## लेखक के बारे में


स्टीफन क्रेन का जन्म नेवार्क, न्यू जर्सी में 1871 में हुआ था. चौदह भाई-बहनों में वह सबसे छोटे थे. उनके पिता एक पादरी थे. कुछ आलोचकों का मानना है कि पिता के धार्मिक विचारों के प्रभाव के कारण ही उनकी कहानियों में धार्मिक प्रसंग कई जगह उल्लेखित हैं.

उनकी सबसे प्रसिद्ध किताब, 'वीरता का लाल पदक' (द रेड बैज ऑफ़ करेज ) है. इस कहानी को लिखने से पहले उन्होंने कई भूतपूर्व सैनिकों से बात की. सिविल वॉर के विवरण और अपने युवा दिनों के अनुभवों का भी उन्होंने उपयोग किया.

कहानी के नायक, हेनरी फ्लेमिंग, की भाँति, स्टीफन भी जीवन में अपनी विशिष्टता की खोज करते रहे थे. युद्ध के प्रति उनका भी काल्पनिक दृष्टिकोण धीरे-धीरे यथार्थ-वादी हो गया था.


# वीरता का लाल पदक


स्टेफेन क्रेन







संयुक्त राष्ट्र अमरीका की स्थापना के लगभग सौ वर्ष बाद उस देश में एक भयंकर युद्ध हुआ. न्यू-यॉर्क राज्य के एक गाँव में रहने वाला युवक, हेनरी फ्लेमिंग, सेना में भर्ती हो कर, युद्ध में वीरता दिखाने का सपना देखा करता था. उस सपने को साकार करने के लिए जो संघर्ष उसने किया, यह उसी संघर्ष की कहानी है.


माँ, देखो पूरे देश में क्या हो रहा है. और मैं यहाँ इन खेतों में समय गंवा रहा हूँ.....मुझे भी अपने देश के लिये लड़ना चाहिए!
हेनरी, तुम्हारी आवश्यकता यहाँ है. मेरी सहायता करने के लिये सिर्फ एक तुम ही हो. और अगर सारे पुरुष लड़ने चले गये तो खेती-बाड़ी कौन करेगा?
अब युद्ध की बात भूल जाओ और जाकर गायों के वापस लेकर आओ.
ठीक है, माँ.
कुछ रातों के बाद.......
टन..टन..टन..
CLONG!
CLANG!
CLANG!
यह क्या है? चर्च की घंटी बज रही है?




वह घंटी बजा रहे हैं यह बताने के लिये कि लड़ाई में हमारी जीत हई है. मैंने निश्चय कर लिया है.
CLONG! CLANG!
माँ, मैं सेना में भर्ती होने जा रहा हूँ.
हेनरी, मूर्ख मत बनो. अब परेशान करना छोड़ो और मुझे सोने दो.
लेकिन हेनरी ने मन बना लिया था. अगले दिन निकट के एक नगर में.....
सेना के लिये युवकों की ज़रुरत है."
यहाँ हस्ताक्षर करो. तुम्हारी रेजिमेंट का नंबर है, 304 न्यू यॉर्क. तुम्हें शीघ्र ही बुला लिया जाएगा.
माँ को बताने के लिये वह झटपट घर आया....
माँ, मैं भर्ती हो गया हूँ.
हेनरी, यही प्रभु की इच्छा थी.



हेनरी सोचने लगा कि क्या माँ को बस इतना ही कहना था. लेकिन जब वह रेजिमेंट जाने के लिये तैयार हुआ तो.....
हेनरी, सावधान रहना और लड़ाई के मैदान में अपना ध्यान रखना. लड़ाई में यह सोच कर मत जाना कि तुम जाते ही सारी बागी सेना को हरा दोगे.
अपना कर्तव्य निभाना, बेटे. और अगर कभी ऐसी स्थिती आ जाये कि या तो तुम्हें कोई गलत काम करने पड़े या फिर अपनी जान गंवानी पड़े तो हेनरी, वही करना, जो करना उचित हो. ईश्वर हमारा ध्यान रखेंगे.
जो जुराबें मैंने बुनी हैं उन्हें भूल न जाना और अपनी कमीज़ें भी. तुम्हारे सामान में मैंने ब्लैकबेर्री जैम रख दिया है, मैं जानती हूँ कि तुम्हें वह सबसे पसंद है. अलविदा हेनरी, सतर्क रहना और सदा अच्छे काम करना.
अलविदा, माँ.



घर छोड़ते समय हेनरी उदास हो गया. लेकिन अपने स्कूल के मित्रों को अलविदा कहने के लिये जब वह रुका तो वह सब भूल गया.
अरे, वर्दी में यह सब कितने आकर्षक लग रहे हैं.
मेरे लिये कुछ बागियों को मार डालना, हेनरी. उन्हें दिखा देना कि हम यांकीस भी लड़ सकते हैं.



जैसे ही नये सैनिकों को ले जाने वाली ट्रेन स्टेशन से बाहर आई.....
आखिरकार, मैं युद्धस्थल की ओर जा रहा हूँ.


लेकिन जब वह कैंप पहुंचा...
चलो, सब नये कबूतर, वहां चार-चार की कतार में खड़े हो जाओ.


नये कबूतर? इसका क्या अर्थ है?
नये सैनिक, शायद.
*हमें कोई महान कार्य नहीं दिया गया, बस हर समय ड्रिल, ड्रिल, ड्रिल.*
एक, दो...कदम मिलाकर चलो. एक, दो....
फिर और ड्रिल....
हमला करो! जिंदा दिखो!
हमला करो! वहां देखो, होशियार रहो!
*...और हम अपने को गर्म रखने का प्रयास करते.*
क्या हमें सदा यहीं रखेंगे? मैं तो लड़ाई लड़ने के लिये सेना में भर्ती हुआ था.
यह बात तुम कई बार कह चुके हो! मैं भी प्रतीक्षा करते-करते थक गया हूँ. मैं भी कुछ बागियों को मारना चाहता हूँ!



अब तक हेनरी ने सिर्फ उन शत्रु सैनिकों को देखा था जो नदी के पार पहरा देते थे. एक रात उन्होंने बात की.
अरे, बागी! तुम बुरे आदमी तो नहीं लगते! हमसे लड़ क्यों रहे हो?
यांकी, तुम भी अच्छे लड़के दिखाई पड़ते हो. फिर भी किसी दिन मुझे तुम पर गोली चलानी पड़ सकती है.


कई सप्ताह की प्रतीक्षा के बाद........
मैं बता रहा हूँ, कल लड़ाई शुरू हो जायेगी!
जब शुरू होगी तब ही मैं विश्वास करूंगा, कोन्क्लिन!
क्या कोई बड़ी लड़ाई होगी, जिम?
बेशक, सबसे बड़ी. आज सुबह ही सब घुड़सवार रिचमंड चले गये. हम यहाँ टिक कर लड़ेंगे.


एक भयंकर डर जो कई दिनों से हेनरी के मन में पनप रहा था अब उस पर हावी हो गया.
लड़ाई में मैं कैसा व्यवहार करूंगा? अगर मैं भाग खड़ा हुआ तो? अगर मैं कायर निकला तो?
जिम! क्या लगता है, कुछ लड़के भाग जायेंगे?
ओह! शायद थोड़े से भाग जायें. लेकिन जब वो लड़ना शुरू करेंगे तो अधिकतर लड़ेंगे.
औ...र क्या तुम भी भाग जाओगे, जिम?
अब अगर बहुत सारे सैनिक भागने लगे तो फिर शायद मैं भी भाग जाऊं. लेकिन अगर सब जम कर लड़ने लगे तो मैं भी जम कर लड़ूंगा. ईश्वर की सौगंध, मैं लड़ूंगा.
अगले दिन भी लड़ाई न हुई. फिर कुछ दिनों के बाद....
मैंने क्या कहा था? आज भयंकर लड़ाई होगी!
सब दौड़ कर आओ! कतार में खड़े हो जाओ!


रात के अँधेरे में रेंगते एक सांप के समान, सारे सैनिक एक कतार में गाँव के पार चलते रहे.


जैसे-जैसे वह आगे बढ़ते गये उनका उत्साह भी बढ़ता गया.
ओह, हम लटका देंगे जेफ्फ डेविस को एक पुराने पेड़ से, हम लटका देंगे जेफ्फ डेविस को एक पुराने पेड़ से.....
लड़ाई से पहले यह सब प्रसन्नता से कैसे गा सकते हैं? क्या यह भयभीत नहीं हैं?
जब रात के लिये उन्होंने पड़ाव डाला तो.....
हेनरी, तुम बहुत थके हुए लग रहे हो? क्या हुआ है तुम्हें?
ओह, कुछ भी नहीं, विल्सन.


प्रसन्न हो जाओ, लड़के! इस बार घमासान लड़ाई होगी और हम उन्हें धूल चटा देंगे.
तुम कैसे जानते हो कि उस घड़ी तुम भाग न जाओगे?
भागूँगा? मैं? मैं कभी नहीं भागूँगा. तुम शर्त लगा सकते हो!
काश, मुझ में इतना विश्वास होता.
कई दिनों तक वह चलते रहे.
हम कब तक ऐसे ही चलते रहेंगे? हमारे पाँव में छाले पड़ गये हैं और खाने की भी कमी है.
US
फिर एक सुबह...
उठो हेनरी! हम जा रहे हैं...अभी!


झटपट चलो! यह कोई पिकनिक नहीं हैं.
इतनी हड़बड़ी क्या है? हम जा कहाँ रहे हैं?
लड़ने के लिये...इस बार लड़ाई होगी, भुलावे में न रहना.



मैं यहाँ क्या कर रहा हूँ? मैं...मैं मारा जाऊँगा! लेकिन बचने का कोई उपाये नहीं है. मैं फंस गया हूँ!
गोलियों की आवाज़ आ रही है! वह लड़ाई का मैदान होगा...वहां, उस पहाड़ी पर!


यह कैसा लड़ाई का मैदान है? यह तो एक खुला खेत है! हम सूअरों की तरह मारे जायेंगे!
दूसरी ओर चलो, साथियो!
वहां वापस जाओ, युवक! भाग नहीं सकते.


अगर यहीं लड़ना है तो अच्छा होगा कि हम गड्ढे खोद लें.



पर जैसे ही उन्होंने गड्ढे खोदे, उन्हें वहां से चलने का आदेश मिला.
अगर हमने कहीं ओर जाना था तो हमें यहाँ तक क्यों लाये?



बार-बार उन्हें नई जगहों पर भेजा गया.
अब तुम सब यहाँ रुक सकते हो, सैनिको.
पर कितने समय के लिये?


अब और सहन नहीं होता!
यह ठीक नहीं है! अगर कोई समझदारी से इस सेना का संचालन कर रहा होता ...
इतनी बड़बोले मत बनो, विल्सन! सेना में आये हुए अभी छह महीनें ही हुए हैं और बात ऐसें कर रहे हो कि तुम एक जनरल हो. चुप हो जाओ और खाना खाओ!
देखो!
बागियों ने लड़ाई शुरू कर दी है. अब हमें उनसे लड़ना है.


यह मेरी पहली और अंतिम लड़ाई भी हो सकती है, दोस्त.
मुझे अपने-आप में लग रहा है कि मैं बचूँगा नहीं और...मेरे यह पत्र तुम मेरे...परिवार के पास ले जाना.
जैसा तुम कहो, विल्सन, लेकिन......
मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा......
*अचानक.....*
देखो, वह आ रहे हैं!



गोलियां मत चलाना.....जब तक मैं न कहूँ, गोलियाँ नहीं चलाना.... उनके नज़दीक आने की प्रतीक्षा करो....कोई मूर्खता न करना.


आखिरकार वह घड़ी आ ही गयी जब हेनरी को युद्ध के डर का सामना करना पड़ा.
उन्हें वहीं रोकना होगा, उन्हें वहीं रोकना होगा!
ठीक है जनरल, हम पूरा प्रयास करेंगे.


धीरे से, एक सतर्क कारीगर की तरह, वह बन्दूक भरता और गोली चलाता, फिर भरता और चलाता.
वह पीछे हट रहे हैं!
हमने उन्हें रोक दिया! हमने कर दिखाया!
हमने उन्हें दिखा दिया, क्यों दिखाया न? हम ने दिखा दिया कि यांकीस भी लड़ सकते हैं!
हमने अवश्य दिखाया!
उफ़! लेकिन बहुत मेहनत करनी पड़ी, क्यों है न?
बिल्कुल सही!


अब क्या हुआ?
वो...वो आ रहे हैं... वो फिर आ रहे हैं!
ओह, नहीं!
हे भगवान, हम इतने भाग्यशाली नहीं हैं! वो हमें क्या समझते हैं? हमारी सहायता के लिये कोई कुमक क्यों नहीं भेज रहे?
वह ठीक कह रहा है! पूरी बागी सेना से अकेले लड़ने के लिये मैं यहाँ नहीं आया था!

*जैसे ही बागी सेना ने दुबारा हमला किया, कई सैनिक अपनी बंदूकें छोड़ कर भाग गये.*









*गिरते, भागते हेनरी पागलों की तरह अंधा-धुंध दौड़ा.*





तोप का गोला.... मैं अभी भी सुरक्षित नहीं हूँ.
सेना की पूरी यूनिट लड़ाई के मैदान की ओर जा रही है! वह पागल हैं! क्या वह नहीं जानते कि हम हार चुके हैं?
कुछ समय बाद.....
जनरल, अच्छी खबर है! लड़ाई में हमारा पलड़ा अब भारी है.
ईश्वर का शुक्र है, उन्होंने बागियों को रोक दिया. अब हम उन्हें हरा देंगे. हम अवश्य हरा देंगे.
मुझे विश्वास नहीं हो रहा. हम जीत रहे हैं... और मैं एक कायर की तरह भाग गया. अब मैं वापस भी नहीं जा सकता. वह सब मुझ पर हँसेंगे. लेकिन मैं तो अपने विवेक से काम ले रहा था, अपने को बचा रहा था!


अपमान से बचने के लिये हेनरी जंगल के अंदर भागा और.....
यह कैसा शोर है?
अरे, यह तो बस एक गिलहरी है.
देखो! वह भाग गई. खतरा देख कर एक गिलहरी भी जान बचाने के लिये भाग गई. यह तो स्वाभाविक ही है. लड़ाई से भाग कर मैंने भी तो स्वाभाविक काम ही किया....कोई मुझे दोषी नहीं मान सकता?
लेकिन जैसे ही हेनरी जंगल के भीतर पहुंचा वह भयभीत हो गया....
ओह! मृत आदमी! लंबे समय से मरा हुआ....
मृत आदमी के आँखें उसे घूर रहीं थीं. वह धीरे से पीछे हटा.
लग ...लगता है कि खड़ा हो कर मेरी ओर आएगा.
...वह फिर भागा.



यह जगह शांत है, बिल्कुल शांत.
अचानक, दूर से एक भारी शोर की आवाज़ आई.
लड़ाई! फिर शुरू हो गयी लगती है. पहले से भयंकर!
हेनरी लड़ाई के दृश्य देखना चाहता था. लेकिन अपने साथियों का सामना करने साहस उसमें न था. वह यहाँ-वहां भटकता रहा.
और मृत सैनिक.


*वह भटकता रहा जब तक कि वह उस रास्ते के निकट नहीं पहुँच गया जिस पर रोते, गालियाँ देते घायल सैनिक वापस लौट रहे थे.*




जब हेनरी को समझ नहीं आया कि क्या करना चाहिए, वह घायलों की कतार में शामिल हो गया.


संभल जाओ! वो दुष्ट संदेशवाहक फिर आ रहे हैं! वह हमें कुचल देंगे!


देखो, तुम किधर जा रहे हो! मुझ से दूर रहो!


घायल सैनिकों के साथ चलते-चलते हेनरी को बहुत अजीब लग रहा था.
तौबा, मैंने सैनिकों को कभी ऐसे लड़ते नहीं देखा! भयंकर लड़ाई थी, क्या कहते हो?
तुम्हें कहाँ चोट लगी, दोस्त?
वो? मैं...मैं...वो... वहां...मैं...
अरे, कहाँ जा रहे हो? क्या हुआ....मैंने तो इतना पूछा ....
हेनरी को लगा कि हर कोई जानता था कि वह एक भगोड़ा है. उसने मायूसी से घायलों को देखा.
कोई उन्हें कायर नहीं कह सकता. काश! मुझे भी कोई घाव लगा होता...वीरता का लाल पदक!


अचानक घायलों में उसी कोई दिखाई दिया जिसे वह पहचानता था.












हेनरी, जानते हो मुझे किस बात का डर है...डरता हूँ कि रास्ते में गिर पड़ूँगा और...वह गाड़ियाँ मुझे कुचल देंगीं.
मैं तुम्हारा ध्यान रखूँगा, जिम.
मैं कुछ अधिक नहीं चाहता. बस मुझे सड़क के किनारे पर ले चलो, इतना तो मैं भी तुम्हारे लिये कर देता, करता न, हेनरी?
मैं सौगंध लेकर कहता हूँ कि मैं तुम्हारा ख्याल रखूँगा, मैं सौगंध लेता हूँ!
नहीं...नहीं...मुझे अकेला छोड़ दो...अकेला छोड़ दो....
लेकिन!
बेहतर होगा कि उसे सड़क से हटा दो. वह गाड़ियां बड़ी तेज़ी से इधर ही आ रही हैं. वह कुचला जाएगा.


जिम! जिम!
मेरे साथ आओ!
हा? ओह!
खेतों के
अंदर? ओह!
जिम! रुको!
उसमें इतनी
शक्ति कहाँ से
आ जाती है?



हटो, रास्ता दो!
हे भगवान,
वह दौड़ रहा है!
देखो!


जिम, जिम...क्या कर रहे हो...तुम घायल हो जाओगे.
नहीं.. मत छुओ... मुझे अकेला छोड़ो!
छोड़ो, क्यों मेरे पीछे पड़े हो!
उसका...उसका दम घुट रहा है! जिम! जिम!
मुझे...अकेला... छोड़ो...मत छुओ...आ....ह!
वह गया! यही अंत है. उसमें बहुत साहस था, क्यों था न?


ओह, ईश्वर!
हेनरी फिर से लज्जित महसूस करने लगा.
दोस्त, अब हम उसके लिये कुछ नहीं कर सकते. तुम स्वयं भी बहुत कमज़ोर दिखाई दे रहे हो. अपनी चोट का ध्यान रखो. तुम्हें चोट कहाँ लगी?
ओह, मुझे परेशान न करो! अलविदा!
क्या...?
Wha. . .?
क्यों दोस्त...कहाँ जा रहे हो? यहाँ देखो.....तुम ठीक नहीं कर रहे! तुम जा कहाँ रहे हो?
वहां....उधर!
काश मैं मर गया होता! मैं कायर हूँ... मैं भाग गया और अब हर कोई यह बात जान जाएगा!



पहाड़ी के ऊपर पहुँच हेनरी ने कई गाड़ियों और सैनिकों को आते देखा. वह सब भयभीत से चले जा रहे थे.
वह पीछे हट रहे हैं....सब के सब! तो फिर वो मुझे कैसे दोषी समझ सकते हैं?



लेकिन कुछ मिनटों के बाद उसने सेना के एक नये दल को आते देखा जो लड़ाई के मोर्चे की ओर जा रहा था.
और सैनिक आ रहे हैं! लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई!




मुझे उनके साथ होना चाहिए था...लड़ाई में सबसे आगे...अपनी वीरता दिखाते.
लेकिन मैं अपनी रेजिमेंट में वापस कैसे जा सकता हूँ? मेरी कायरता पर सब हंसेगे.
*तभी, वापस लौटते सैनिकों के एक दूसरे दल ने उसे घेर लिया....*
क्या हुआ? क्या हम हार गये? मुझे पता लगाना ही होगा!


जब उसे समझ न आया कि उसे क्या करना चाहिए, उसने एक सिपाही को रोकने का प्रयास किया.
क्यों...क्यों?
मुझे जाने दो! मुझे जाने दो!
मैंने कहा मुझे जाने दो!
लेकिन क्यों... क्यों?
तो यह लो!
उसके सर में गंभीर चोट लगी...
ओ...ह!


हेनरी स्तंभित सा चलने लगा.....
जब तक कि....
लड़के, तुम्हारी हालत तो बहुत खराब लग रही है!
अरे, मैं भी तुम्हारे रास्ते जा रहा हूँ. हम सब उसी ओर जा रहे हैं. मैं तुम्हें सहारा दे सकता हूँ. तुम्हारी रेजिमेंट कौन सी है? हम किसी न किसी तरह उन्हें ढूंढ लेंगे.
और आखिरकार....
अह, वहां हैं वह सब! वहां तुम्हारी रेजिमेंट है. अच्छा दोस्त, अलविदा और तुम्हें सफलता मिले!


जैसे ही हेनरी लड़खड़ाता हुआ, आग की ओर आया.....
रुको! रुको! कौन है वहां?
विल्सन! तुम...तुम यहाँ? क्यों, हेलो, विल्सन!
अरे, अरे! हेनरी तुम्हें देख कर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है!
मैंने तो समझा था की तुम्हारी मृत्यु हो गई है. हाँ, सच में. तुम्हें क्या हुआ?
मैं सच नहीं बोल सकता. जल्दी ही कुछ सोच कर बताना पड़ेगा.
मैं रेजिमेंट से बिछुड़ गया था. वहां उधर दाईं ओर भीषण लड़ाई हुई. बहुत बुरा समय था. गोली लग गई...सर में.
क्या? तुम ने तुरंत क्यों नहीं बताया? बेचारा लड़का...ठहरो! नायक सिम्पसन यहाँ आ रहा है!


विल्सन, किस से बातें कर रहे हो? तुम तो सबसे निकम्मे संतरी हो....अरे यह तो हेनरी है! मैंने सोचा था कि तुम मर गये हो!
इसे सर में गोली लगी है और यह बड़े कष्ट में है.
ज़रा देखने दो...हम्म...गोली छू कर निकल गई है. लेकिन तुम्हारे सर पर अजीब सा गूमड़ बना है जैसे किसी ने लाठी से मारा हो. विल्सन तुम इसकी देख-रेख करो. मैं किसी और को पहरा देने के लिये भेजता हूँ.
और विल्सन हेनरी की देख-रेख करने लगा. उसके सर पर पट्टी बाँधने के बाद......
उसकी थर्मस  में थोड़ी कॉफ़ी है. लड़के, यह कॉफ़ी पी लो... तुम्हें अच्छा लगेगा.
सारी कॉफ़ी पी लो! फिर यह कंबल ओढ़ कर रात भर सोये रहना.










*यह जान कर कि उसकी झूठी कहानी पर सब ने विश्वास कर लिया था और कोई उसे कायर नहीं समझ रहा था, हेनरी गहरी नींद सोया. सुबह को .....*





अच्छा हेनरी, तुम्हें क्या लगता है, क्या आज हम इन बागियों को हरा देंगे?
शायद. दो दिन पहले तुम शर्त लगा देते कि तुम अकेले ही उन सब से निपट सकते हो. लेकिन अब, विल्सन, तुम बदल गये हो. तुम पहले बहुत.....बड़बोले थे.
क्षमा करना विल्सन....मुझे ऐसा नहीं कहना चाहिये था.
नहीं, तुम ठीक कह रहे हो. मैं बदल गया हूँ. पहले मैं बहुत नासमझ था. लेकिन युद्ध आदमी की सोच को बदल देता है.
जैसे ही लड़ाई का बिगुल बजा, हेनरी इस विश्वास के साथ अपनी जगह पर आकर डट गया कि इस बार वह नहीं भागेगा.
अच्छा दोस्त, हम फिर लड़ाई के मोर्चे में आ पहुंचे.
हम उन्हें दिखा देंगे!


आगे.... बढ़ो!
उसे अफ़सोस हो रहा है कि कल उसने मुझे वह पत्र दिए. अगर उसने मुझे से पूछा कि कल की लड़ाई में मेरे साथ क्या हुआ था तो मैं उसे वह पत्र दिखाऊँगा.
अह... हेनरी... वह पत्र जो मैंने तुम्हें दिए थे, वह तुम वापस दे दो.
ओह, हाँ विल्सन, बेचारा! ऐसे वह अपने-आप में बहादुर महसूस कर रहा होगा. वह अच्छा इंसान है....मैं उसका उपहास नहीं करूंगा.
हेनरी का आत्म-विश्वास बढ़ रहा था. वह उस समय के बारे में सोच रहा था जब वह एक वीर के समान अपने घर जायेगा और सबको अपनी बहादुरी के किस्से सुनायेगा.



लेकिन जब वह युद्ध-स्थल पहुंचे....
वह हमें फिर कहीं ओर ले जा रहे हैं....एक जगह से दूसरी. हम हार रहे होंगे.
भगवान, लगता है कि मूर्खों की टोली हमें आदेश दे रही है.
शायद यह सिर्फ जनरल की गलती न हो.
अगर हम पूरे जोश और उत्साह से लड़ते हैं और फिर भी उन्हें हरा नहीं पाते तो यह जनरल की ही गलती है.
शायद तुम इस भुलावे में हो कि कल तुमने अकेले ही सारी लड़ाई लड़ी थी.
हेनरी को डर लगने लगा कि उसके भागने का सबको पता चल गया था...
क्यों, नहीं...नहीं, मैं ऐसा नहीं सोचता कि कल मैंने ही सारी लड़ाई लड़ी थी.
क्या वह जानता है कि मैं भाग गया था?


पर अगले ही पल जब बागियों ने हमला किया तो उसका साहस लौट आया.
चलो...उन्हें दिखा दें!
आक्रोश और घृणा से भरा हुआ वह आगे बढ़ता गया.....
...तब भी जब बागी पीछे हट गये थे.
अरे मूर्ख, क्या तुम में इतनी भी समझ नहीं है कि जब शत्रु भाग गया है तो तुम्हें रुक जाना चाहिए?
शाबाश, अगर मेरे पास तुम जैसे दस हज़ार दुस्साहसी सैनिक होते तो यह युद्ध हम एक सप्ताह में ही जीत जाते!


उन्हें पानी नहीं मिला, लेकिन.....
मैंने शायद पीछे एक पानी का झरना देखा था. चलो वहां से थोड़ा पानी ले आयें.
अवश्य!
मेरे लिए भी ले आना!
रुको! सुनो! वह जनरल है!
शत्रु फिर से हमला करने की तैयारी कर रहा है. अगर हमने तुरंत डटकर मुकाबला नहीं किया तो वह आगे आ जायेंगे. तुम कितने सैनिकों को छोड़ सकते हो?
ठीक है, उन्हें तैयार रहने के लिए कहो. मेरे संदेश की प्रतीक्षा करो. पाँच मिनट के भीतर ही उन्हें चलना होगा. बागियों को रोकना बहुत कठिन होगा. मुझे डर है कि तुम्हारे कई सैनिक वापस आ न पायेंगे.
यह समाचार लेकर वह झटपट मोर्चे पर अपने साथियों के पास आये.
हम हमला करने वाले हैं!
हमने जनरल को ऐसा कहते सुना!
हमला, अह! तो, अब सच में लड़ाई होगी!





और कुछ मिनटों के बाद जब वह हमला कर रहे थे....
वह कह रहा था कि हम में से कई वापस न लौट पायेंगे.
जैसे-जैसे लड़ाई का शोर उनके आस-पास बढ़ने लगा, सैनिक एक खेत के किनारे रुक गए.
चलो, आगे बढ़ो. तुम यहाँ रुक नहीं सकते. चलो!
अरे मूर्ख, चलो! उधर मैदान के पार! अगर हम यहाँ रुक गये तो सब मारे जायेंगे!
गुस्से से दहाड़ता हुआ हेनरी आगे दौड़ा.



झंडा उठाने वाले हवालदार को गोली लग गयी है. झंडा गिर रहा है.
मुझे उठाने दो!
नहीं, विल्सन...मैंने उठा लिया है!
सैनिक वीरता से लड़े, लेकिन नये बागी सैनिक वहां आकर उनका सामना करने लगे. उन्हें पीछे हटना पड़ा.
उन्हें गोलियां मरो! उन्हें गोलियां मरो! उन्हें खत्म कर दो!
तुम कहाँ भाग रहे हो? डट कर लड़ो!
डट कर लड़ो वरना मैं ही तुम्हें मार डालूँगा!


वापस आओ! वापस आओ! अब हम हार नहीं मान सकते!
कोई लाभ नहीं. वह सब डरे हुए हैं.
तो, हेनरी, जॉन अलविदा कर गया है.
ओह, चुप हो जाओ, मूर्ख!
देखो! बागी आ रहे हैं! सीधे हमारी ओर!



अचानक रेजिमेंट में उत्साह भर गया. रेजिमेंट के सब सैनिक बागियों के साथ गुत्थम-गुत्था हो गये. और एक कड़े, जान-लेवा संघर्ष के बाद बागियों को पीछे धकेलने में सफल हुए.
हमने उन्हें हरा दिया! वह पीछे हट रहे हैं!
कुछ समय के लिये लड़ाई थम गयी, सैनिक आराम करने लगे, वह अपने-आप से संतुष्ट थे.
तो दोस्त, हम ने कर दिखाया!
हां, हमने अवश्य दिखाया!
हे भगवान कर्नल, कितनी गड़बड़ कर दी है तुम ने! अगर तुम्हारे आदमी सिर्फ सौ फुट और आगे चले गए होते तो यह हमला कितना प्रभावी होता. लेकिन यहाँ तो ......
जनरल, हम जितना आगे जा सकते थे हम गये.....


जैसे ही घोड़े पर सवार जनरल गया लेफ्टिनेंट ने कहा.
क्या तुम सच में उतना आगे गये? यह तो बहुत आगे जाना न हुआ, क्यों? तुम्हारे आदमी तो किसानों जैसे हैं!
किसान! क्या हम?
मुझे इस बात की परवाह नहीं कि कोई क्या कहता है...जनरल या कोई और...अगर वह समझता है कि लड़कों ने अच्छी लड़ाई नहीं लड़ी तो वह मूर्ख है!
लेफ्टिनेंट, यह मेरी कमान है, इसलिये तुम इन बातों में मत पड़ो.
अन्य सैनिकों की तरह हेनरी और विल्सन भी दुःखी थे, गुस्से में थे.
क्या कहा उसने? हम किसान हैं? क्या मतलब है उसका?
मैं समझ नहीं पा रहा कि वह क्या चाहता है; वह सोचता है कि हम वहां जाकर गोलियाँ खेल रहे थे. मैंने ऐसा आदमी आजतक नहीं देखा. वह सनकी है!
वह पागल है, हाँ!



तभी कई सैनिक एक खबर लेकर दौड़ते हुए आये.
ओह, फ्लेमिंग, यह खबर तुम्हें सुननी चाहिए थी!
क्या सुना?
कर्नल लेफ्टिनेंट से पूछ रहा था...दोनों हमारे पास खड़े थे... उसने पूछा, ‘जो लड़का झंडा लेकर जा रहा था वह कौन था?’
‘वह फ्लेमिंग है,’ लेफ्टिनेंट ने कहा, ‘और वह एक बहादुर सैनिक है. विल्सन भी वैसा है. वह दोनों सबसे आगे थे.’
उसने ऐसा नहीं कहा.
उसने कहा. और फिर कर्नल ने कहा, ‘वह तो मेजर-जनरल बनने के योग्य हैं.’
तो हमारा प्रदर्शन शायद इतना बुरा भी नहीं था!
जनरल चाहे कुछ भी कहे!


बड़े अभिमान के साथ हेनरी ने दूसरी रेजीमेंटों को लड़ते देखा
फिर उसकी बारी आई!
चलो साथियो ! लड़ाई के मोर्चे पर हमारी ज़रुरत है!
तभी बागियों ने प्रचंड आक्रमण किया.


यूनियन सैनिकों ने डट कर मुकाबला किया लेकिन बागी सैनिक एक पत्थरों की दीवार के पीछे छिपे थे.
हमें आगे जाकर हमला करना पड़ेगा, नहीं तो उस दीवार के पीछे छिपकर वह हमें मार डालेंगे. आगे बढ़ो, हमला करो!
सैनिको, उन पर हमला करो! उन्हें उस पत्थरों की दीवार से मार भगाओ!


दोनों सेनायें आपस में टकराईं. एक विशाल नीली लहर की तरह यूनियन की सेना दीवार पार कर बागियों से भिड़ गयी.


वो पिछड़ रहे हैं! भाग रहे हैं!
विल्सन,उनका झंडा छीन लो!
छीन लिया!


जल्दी ही वह भीषण लड़ाई समाप्त हो गयी.
हम किसान हैं? हा! बुरे सैनिक हैं!
अरे!
हे भगवान, हम ने उन्हें हरा दिया!
हमने उनकी अच्छी धुनाई की!
शायद जनरल अब शिकायत न करे!
अच्छा होगा की न करे!
अब क्या होगा? लगता है हमें फिर से चलना होगा!
हम अवश्य यहाँ से निकल, नदी पार उधर जायेंगे.


चलो! बिगुल बज रहा है!
हाँ, हमें मुक्त किया जा रहा है. चलो, लड़ाई समाप्त हो गयी.
ईश्वर की शपथ, हाँ, हो गई.
लड़ाई के मैदान से वापस आते समय हेनरी के मन में कई विचार चल रहे थे. लड़ाई से भागने की घटना, अभी भी उसे लज्जित कर रही थी. लेकिन अब उसे अपने पर गर्व भी था. उसने बहुत कुछ सीखा था. उसने मृत्यु को देखा था और मृत्यु का सामना करने का अब उसमें साहस था. वह एक पुरुष था. वीरता का लाल पदक पहनने का अधिकार उसने अपने पुरुषार्थ से पाया था.

समाप्त